RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 23 अक्तूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 185 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबईः एनसीपी (अ.प.) नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### मुंबई की सड़कों पर सीएम योगी के बैनर

# स्लोगन में लिखा हुआ है, 'बंटेंगे तो कटेंगे'

**मुंबईः** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। यहां 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होना है। चुनाव से पहले सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता प्रचार अभियान में जुट गए हैं। इस बीच मुंबई की सड़कों पर सीएम योगी के बैनर देखें गए हैं। इन बैनर्स पर सीएम योगी की तस्वीर के साथ स्लोगन भी लिखा हुआ है। स्लोगन में लिखा हुआ है, 'बंटेंगे तो कटेंगे'। वहीं मुंबई में लगे इन बैनर्स को लेकर बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि इसका संबंध आजादी के समय हुए बंटवारे से है।




**बीजेपी कार्यकर्ता ने लगवाए बैनर**

बताया जा रहा है कि मुंबई की सड़कों पर ये बैनर बीजेपी कार्यकर्ता के द्वारा लगवाए गए हैं। बीजेपी के एक कार्यकर्ता विश्वबंधु राय ने ये बैनर्स लगवाए हैं। इसे महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इस बैनर पर सीएम योगी की तस्वीर भी लगी हुई है। इसके अलावा इसपर स्लोगन लिखा हुआ है, 'बंटेंगे तो कटेंगे'। बैनर पर आगे लिखा है, 'योगी संदेश... एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे'। वहीं इस यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ स्लोगन लिखे ये बैनर सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**मुख्तार अब्बास नकवी ने दी प्रतिक्रिया**

मुंबई की सड़कों पर लगे इन बैनर्स के लेकर बीजेपी के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले बैनर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, 'जब भारत को आजादी मिली, तो विभाजन हुआ। उसके बाद, लोगों ने विभाजन की भयावहता देखी। यह ('बटेंगे तो कटेंगे') के पीछे का निष्कर्ष और मूल भाव यह है कि इसकी पुनरावृत्ति न हो।'

**20 नवंबर को मतदान**

बता दें कि महाराष्ट्र में इस बार एक ही चरण में वोटिंग होनी है। वोटिंग से पहले चुनाव प्रचार पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है। इस बीच कार्यकर्ता भी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वहीं अब सीएम योगी की तस्वीर के साथ स्लोगन लिखे बैनर सामने आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में इसपर बहस छिड़ गई है।

# 54 वर्षीय गृहिणी से साइबर अपराधियों ने 50,000 रुपये उड़ा लिए



**मीरा भयंदरः** मीरा रोड की 54 वर्षीय गृहिणी साइबर अपराधियों का नवीनतम लक्ष्य बन गई, जिन्होंने रिवॉर्ड पॉइंट को नकद में भुनाने में मदद करने के बहाने उसके खाते से 50,000 रुपये उड़ा लिए। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में, महिला ने कहा कि उसे एक अज्ञात नंबर से एक टेक्स्ट संदेश मिला, जिसमें एक लिंक था, जिसमें एक बहुराष्ट्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा पेश किए गए डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट को भुनाने में मदद करने का दावा किया गया था। आपात स्थिति का एहसास कराने के लिए संदेश में कहा गया था कि रिवॉर्ड पॉइंट जिन्हें 7,690 रुपये नकद में बदला जा सकता था, समाप्त होने वाले हैं। शिकायतकर्ता ने न केवल लिंक पर क्लिक किया और अपना बैंक विवरण दर्ज किया, बल्कि वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भी सबमिट किया, जिसके बाद उसके खाते से 50,000 रुपये धोखाधड़ी से उड़ा लिए गए। उसकी शिकायत के आधार पर, साइबर अपराधियों के खिलाफ मीरा रोड के नया नगर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी के लिए आईपीसी की धारा 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आगे की जांच चल रही थी।

# चुनाव से पहले पुलिस ने एक कार जब्त की; भारी मात्रा में कैश बरामद





**पुणेः** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इस दौरान बड़े मामले में पैसों के हेर-फेर की खबरें भी सामने आने लगी हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महाराष्ट्र के पुणे के पास एक कार से भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि पुणे के खेड़ शिवपुर टोल प्लाजा के पास एक गाड़ी के अंदर से करोड़ों रुपए कैश बरामद हुए है। फिलहाल मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 5 करोड़ के आसपास का कैश बरामद हुआ है, लेकिन अभी भी कैश की गिनती की जा रही है। वहीं गाड़ी कहां से आई और पैसा कहां जा रहा था इसकी जांच भी की जा रही है।

**खेड़ शिवपुर टोल प्लाजा के पास पकड़ी गई कार**

पूरा मामला पुणे-बेंगलुरु नेशनल हाईव का है। यहां खेड़ शिवपुर टोल प्लाजा के पास एक कार में करोड़ों रुपयों की नगदी मिलने की खबर सामने आई है।

# सचिन वाजे को भ्रष्टाचार मामले में जमानत लेकिन वो जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे

**मुंबईः** महाराष्ट्र के निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है. भ्रष्टाचार मामले में मंगलवार कोर्ट ने जमानत दे दी. एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वाजे फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे. एंटीलिया मामले में उनके खिलाफ केस चल रहा है और वो जेल में बंद हैं.

**100 करोड़ की कथित वसूली का मामला**

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर लगे कथित 100 करोड़ की वसूली मामले में वाजे को गिरफ्तार किया गया था. 100 करोड़ की कथित वसूली मामले में सचिन वाजे को अप्रूवर बनाया गया जिसका कंसेंट एएसजी राजा ठाकरे ने दिया था. इसी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख भी आरोपी हैं. जिन्हें पहले जमानत मिल चुकी है.






जस्टिस एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली पीठ ने वाजे को जमानत दी. साथ ही कहा कि जमानत की शर्तें सीबीआई कोर्ट की तरफ से तय की जाएंगी. स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने जून 2022 में वाजे को सरकारी गवाह घोषित किया था. उन्हें मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास विस्फोटकों से भरी गाड़ी मिलने और ठाणे के व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के मामले में कथित भूमिका के लिए मार्च 2021 में गिरफ्तार किया गया था.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## समाज सेवा भारतीयों के जीवन का हिस्सा...

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कार्यों की खूब चर्चा हो रही है। न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के अनेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए मिल जाएंगे। यह कहना गलत होगा कि हमारे कारोबारियों, धनिकों आदि ने परोपकार की भावना पश्चिमी कारोबारियों से सीखी। यह कुछ अज्ञानियों का प्रचार भर है कि बारेन बफे, बिल गेट्स आदि कारोबारी परोपकार के प्रणेता है। ऐसा होता तो जमशेदजी टाटा पिछली सदी के सबसे बड़े दानवीर के तौर पर नहीं जाने जाते। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया' में विश्वास करने वाले हैं। आज भी आपको पहली रोटी गौ माता को.. में विश्वास करने वाले अनेक लोग मिल जाएंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। सनातन धर्म में दान और सेवा का बहुत महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास में से वानप्रस्थ और संन्यास में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है। बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है, जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गुरु नानकदेवजी और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। गांधी जी ने 'सर्वोदय' के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। रतन टाटा की तरह बिड़ला, अजीम प्रेमजी, नंदन नीलेकणी, शिव नादर जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। समाज सेवा हमारे कारोबारियों के डीएनए में है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# अंडरवर्ल्ड की नई सनसनी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई क्या महाराष्ट्र से चुनाव लड़ेगा?



**मुंबईः** लॉरेंस बिश्नोई इस समय भारत समेत दुनिया के कई देशों में अंडरवर्ल्ड की नई सनसनी और खौफ का दूसरा नाम बन चुका है. कई हाई प्रोफाइल हत्याओं में नाम आने के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तुलना ऊकंपनी यानि दाउद इब्राहिम से होने लगी है. भारत समेत दुनिया के कई देशों में लॉरेंस बिश्नोई का नेटवर्क है. अब लॉरेंस बिश्नोई के महाराष्ट्रा विधानसभा चुनाव लड़ने से जुड़ी खबर आ रही है.

**लॉरेंस बिश्नोई को महाराष्ट्र की पार्टी ने लिखा खत**

क्या लॉरेंस बिश्नोई महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा. क्या जरायम की दुनिया में अपना दबदबा कायम करने के बाद लॉरेंस बिश्नोई नेता बनेगा. ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं लॉरेंस बिश्नोई को महाराष्ट्र की एक राजनीतिक पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है. इस पार्टी का नाम है उत्तर भारतीय विकास सेना. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं सुनील शुक्ला. सुनील शुक्ला ने गुजरात की साबरमती जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई को अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए बाकायदा खत लिखा है.

उत्तर भारतीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने अपने खत में लॉरेंस बिश्नोई की तुलना महान क्रांतिकारी भगत सिंह से की है. खत में लिखा गया है कि हम आपमें शहीद भगत सिंह को देखते हैं. हमें गर्व है कि आप पंजाब में जनमे उत्तर भारतीय हैं और हम उत्तर भारतीय विकास सेना के नाम से एक राष्ट्रीय और महाराष्ट्र में पंजीकृत एक राजनीतिक दल हैं, जो भारत में उत्तर भारतीयों के अधिकार के लिए काम कर रहे हैं. हम आपको विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव देते हैं. हमारी पार्टी पूरी कोशिश करेगी कि आप चुनाव जीतें और समाज का उद्धार करें. हमें आपकी हां की प्रतीक्षा रहेगी.

**लॉरेंस की मंजूरी के बाद घोषित करेगी टिकट**

लॉरेंस बिश्नोई के नाम से लिखे गये खत में ये भी बताया गया है कि उत्तर भारतीय विकास सेना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 4 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. लॉरेंस बिश्नोई की मंजूरी मिलने के बाद 50 अन्य उम्मीदवारों की लिस्ट भी जल्द ही जारी की जायेगी. महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंर को नतीजे आयेंगे.

# मुंबई/ वंचित बहुजन आघाडी ने 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**मुंबई :** प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाडी ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को 16 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की । सोमवार को घोषित प्रमुख उम्मीदवारों में भुसावल से जगन देवराम सोनवणे, मेहकर से रुतुजा चव्हाण, मुर्तिजापुर से सुगाता वाघमारे और रिसोड से प्रशांत सुधीर गोले शामिल हैं। पार्टी ने इस साल सितंबर की शुरूआत में 11 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। वीबीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि पार्टी ने विभिन्न सामाजिक समुदायों से उम्मीदवारों के नाम दिए हैं, जिन्हें मुख्यधारा की पार्टियों और उनकी लगातार सरकारों द्वारा सामाजिक और राजनीतिक रूप से बहिष्कृत किया गया है। अंबेडकर ने सूची में पहले कहा, ''अपनी पवित्र विचारधारा के प्रति सच्चे रहते हुए, हमने वंचित, बहुजन समूहों को प्रतिनिधित्व दिया है ताकि उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व और राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो सके, जिससे कुछ जातियों के परिवारों का आधिपत्य टूट सके।''



प्रमुख नामों में रावेर सीट से उम्मीदवार ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता शमीभा पाटिल और शेवगांव विधानसभा सीट से पारधी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले किसान चव्हाण शामिल हैं। पार्टी प्रवक्ता ट्रांसजेंडर दिशा पिंकी शेख ने पहले कहा, ''यह ऐतिहासिक है। एक ट्रांसजेंडर को उम्मीदवारी दी गई है, जिसे शासक वर्ग ''चुनावी योग्यता'' कहना पसंद करता है, जो उनकी योग्यता के विचार के समान है।'' महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को एक ही चरण में होगा।

# समाजवादी पार्टी ने तय कर लिया... हरियाणा चुनाव वाली गलती नहीं दोहराएगी

**मुंबईः** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव पर बड़ी खबर उत्तर प्रदेश से सामने आई है. यहां समाजवादी पार्टी ने तय कर लिया है कि पार्टी हरियाणा चुनाव वाली गलती नहीं दोहराएगी. दरअसल, हरियाणा में सपा ने एक भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ा था. तब अखिलेश ने कहा था कि बात सीट की नहीं बल्कि बीजेपी को हराने की है. अब सूत्रों की मानें तो अखिलेश यादव की पार्टी महाराष्ट्र में हरियाणा की गलती नहीं दोहराएगी. सपा महाराष्ट्र में किसी भी कीमत पर चुनाव लड़ेगी. सूत्रों के अनुसार अगर MVA से समझौता होगा तो अखिलेश यादव कम से कम छः से लेकर आठ सीट पर मान जायेंगे. अगर समझौता नहीं हुआ तो 12 सीटों पर लड़ेंगे.



सूत्रों की मानें तो समजवादी पार्टी का मानना है की हरियाणा में चुनाव ना लड़कर उससे गलती हुई है. समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारी कर रखी है और वह पीछे हटने को तैयार नहीं है. सूत्रों की मानें तो अखिलेश का संदेश अबू आजमी ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार तक पहुंचा दिया है, सूत्रों के मुताबिक जम्मू और कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण के दौरान हुई मुलाकात में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी अखिलेश ने समाजवादी पार्टी की इच्छा से अवगत करा दिया है. महाराष्ट्र में आगामी चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बड़ा बयान दिया था. बीते दिनों उन्होंने कहाथा कि उनकी पार्टी को महाविकास अघाड़ी से सम्मानजनक सीटें चाहिए. अखिलेश ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने महाराष्ट्र में 12 सीटों की मांग की है. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि हरियाणा में हुई गलतियों को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए.

## योगेंद्र यादव के कार्यक्रम में बड़ा बवाल,

# पुलिस ने घेरे में लेकर यादव को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला...

**मुंबई:** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बीच स्वराज इंडिया पार्टी के संस्थापक योगेंद्र यादव के ऊपर हमले की घटना सामने आई है। महाराष्ट्र के अकोला में वंचित बहुजन आघाडी के कार्यकर्ताओं ने योगेंद्र यादव की सभा में जमकर उत्पात मचाया। कार्यक्रम में धक्कामुक्की और नारेबाजी के बाद कुर्सियों को तोड़ दिया गया है। इस दौरान किसी तरीके से योगेंद्र यादव को वहां से सुरक्षित निकाला गया। भारत जोड़ो अभियान के तहत योगेंद्र यादव अकोला पहुंचे थे। योगेंद्र यादव ने अपनी एक्स अकाउंट पर लिखा है कि आज अकोला (महाराष्ट्र) में मुझ पर और भारत जोड़ो अभियान के साथियों पर जो हमला हुआ वह हर लोकतंत्रप्रेमी के लिए गंभीर चिंता का विषय है।



**योगेंद्र यादव ने दी वापस आने की चुनौती**

योगेंद्र यादव ने लिखा है कि भारत जोड़ो अभियान के विदर्भ दौरे के तहत हम संविधान की रक्षा और हमारा वोट विषय पर सम्मेलन कर रहे थे, तो मुझे बोलने से रोकने के लिए 40-50 लोगों की भीड़ मंच पर चढ़ गई और मेरी ओर बढ़ी। हम बैठे रहे और स्थानीय साथियों ने घेरा बनाकर हमारी रक्षा की। पुलिस के आने के बाद भी हुड़दंगाइयों का आक्रमण और तोड़ फोड़ जारी रहे। सभा वहीं समाप्त हो गई। पिछले 25 वर्षों में महाराष्ट्र के अनेक स्थानों पर व्याख्यान दिए हैं, लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह न सिर्फ महाराष्ट्र बल्कि संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखने वालों के लिए भी दुखद है। यह घटना हमारे लोकतंत्र की रक्षा के प्रति समर्पण को और भी मजबूत करती है। जो भी मेरे बोलने से डरा हुआ है वो सुन लें मैं वापस अकोला आऊंगा।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के ऐलान के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। राज्य में चुनावों के ऐलान के बाद योगेंद्र यादव अकोला पहुंचे थे। भारत जोड़ो अभियान के तरह वह शहर के जिला परिषद कर्म भवन के सभागार में विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। जब योगेंद्र यादव बोल रहे थे तभी कुछ लोगों ने कुछ सवाल खड़े किए। इसके बाद वहां स्थिति बिगड़ गई और काफी लोग मंच पर चढ़ गए।

# मनपा ने जब्त की 300 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियां



**मिरारोड :** मिरा-भायंदर मनपा ने 300 किलों प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों को बरामद किया है। शासन के आदेश के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है, परन्तु शहर में अभी भी व्यापारी चोरी छिपे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रभाग क्रमांक 6 के स्वच्छता निरीक्षक कांतीलाल बांगर को जानकारी मिली की शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलिया आने वाली है। कांतीलाल बांगर ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर काशीमिरा स्थित दिल्ली दरबार हॉटेल के सामने एक टेंपो में से यह प्लास्टिक थैलियों को बरामद किया और इन पर कार्रवाई की है। मनपा आयुक्त संजय काटकर ने शहर की जनता और व्यापारियों से अपील करके कहा कि आप प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल ना करें, सिर्फ सरकार मान्य थैलियों के अलावा कपड़े की थैलियों के इस्तेमाल की अपील इन्होंने की।

# मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाने के नाम पर 34.97 लाख रुपये की ठगी!




**मुंबई :** अंबोली पुलिस ने मुंबई के 52 वर्षीय डॉ. सुमन बंदोपाध्याय के खिलाफ अंधेरी निवासी डॉ. दीपक चतुर्वेदी से मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाने के नाम पर 34.97 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। बंदोपाध्याय ने साईं संस्थान शिरडी और बाबा हॉस्पिटल ट्रस्ट का ट्रस्टी होने का झूठा दावा करते हुए डॉ. चतुर्वेदी को कोविड-19 के दौरान मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाने के लिए राजी किया। एफआईआर के अनुसार, अंधेरी में क्लिनिक चलाने वाले डॉ. चतुर्वेदी की पहली मुलाकात 2020 की शुरूआत में बंदोपाध्याय से हुई थी, जब वे एक मरीज के रूप में आए थे। बंदोपाध्याय ने खुद को सांताक्रूज का बाल रोग विशेषज्ञ बताया जिसका जुहू में क्लिनिक है और धीरे-धीरे चतुर्वेदी से दोस्ती हो गई।

महामारी के दौरान बंदोपाध्याय ने ट्रस्टी होने का दावा किया और मुफ्त चिकित्सा शिविरों के लिए दान मांगा, जो चतुर्वेदी ने दिया। उन्होंने 5 लाख रुपये दिए लेकिन कोई सबूत नहीं रखा। बाद में बंदोपाध्याय ने चतुर्वेदी से जनता और पुलिस अधिकारियों के लिए मुफ्त शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। इस विश्वास के साथ कि उन्हें पैसे वापस मिल जाएँगे, चतुर्वेदी ने करीब 45 पुलिस स्टेशनों पर मेडिकल कैंप आयोजित किए, जिन पर 34.97 लाख रुपए खर्च हुए। जुहू पुलिस स्टेशन में रहते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें बंदोपाध्याय के खिलाफ पिछले धोखाधड़ी के मामलों के बारे में चेतावनी दी।

# वेश्यावृति से दो महिलाओं को छुड़ाया एक महिला दलाल गिरफ्तार

**वसई :** वेश्यावृत्ति मामले में अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ (मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) ने वसई पूर्व क्षेत्र से दो महिलाओं को छुड़ाया है, जबकि एक महिला दलाल को गिरफ्तार कर, उसके खिलाफ वालीव पुलिस स्टेशन में में अपराध दर्ज करवाया है।



मिली जानकारी के अनुसार, अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ, नालासोपारा टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर, वसई पूर्व के रुद्र शिव सागर होटल प्रॉफिट सेंटर बिल्डिंग, रेंज ऑफिस के पास में बोगस ग्राहक के जरिए रेड की, पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला का नाम नेहा मैराज खान (उम्र 27 वर्ष) निवासी एवरशाइन, अचोले तालाब, नालासोपारा पूर्व, मूल निवासी- बिहार ने मोबाइल फोन के माध्यम से अलग-अलग पुरुषों ग्राहकों से संपर्क किया। उनसे वेश्यावृत्ति के लिए भुगतान और कमीशन स्वीकार करके पीड़ित महिला से वेश्यावृत्ति कराती थी और इससे प्राप्त कमीशन से अपना जीवन यापन करती थी।

# मुंबई: एनसीपी (अजित पवार) नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध

**मुंबई:** भाजपा ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी (अजित पवार) नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध करेगी। मलिक मुंबई दक्षिण-मध्य संसदीय क्षेत्र के अणुशक्ति नगर से मौजूदा विधायक हैं। खबरों के मुताबिक, इस बार वह मानखुर्द-शिवाजी नगर से चुनाव लड़ना चाहते हैं और अणुशक्ति नगर निर्वाचन क्षेत्र अपनी बेटी सना के लिए छोड़ना चाहते हैं, जो चुनावी राजनीति में



पदार्पण करने की योजना बना रही हैं। मलिक परिवार ने द फ्री प्रेस जर्नल को बताया कि वे चुनाव के लिए तैयार हैं और पार्टी की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा मुंबई प्रमुख और बांद्रा (पश्चिम) विधायक आशीष शेलार ने सोमवार को द फ्री प्रेस जर्नल को बताया कि उनकी पार्टी अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम से जुड़े किसी व्यक्ति को टिकट देना स्वीकार नहीं करेगी। मलिक पहले महा विकास अघाड़ी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्हें 2022 में एनआईए द्वारा दाऊद और छोटा शकील और टाइगर मेमन सहित उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। मलिक को इस साल जुलाई में मेडिकल आधार पर जमानत दी गई थी।

## भगवान को पैसे चढ़ाने के नाम पर धोखाधडी!

**मुंबई :** बोरीवली इलाके में स्थित राम मंदिर में पैसे चढ़ाने के नाम पर मंदिर के बाहर मौजूद फूल विक्रेता से धोखाधडी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने संबंधित मामले में धोखाधड़ी करने को लेकर एफआई- आर दर्ज किया है। बोरीवली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता महिला राम मंदिर के बाहर फूल बेचने का व्यवसाय करती है। 22 साल के लगभग के उम्र का एक युवक मंदिर के बाहर उनके फूल के दुकान पर आया, जिसने उनसे कहा कि उसे रात मंदिर में पैसे चढ़ाना है। इस पैसे को चढ़ाने के लोय उसे सोने से लगाना जरूरी है। आप अपने सोने के चयन में छुआ दो में भी अपना सोना का चयन निकालता हूं। इसपर महिला उसकी बातों में आ गई और चैन निकाल ली, लेकिन जब वह चैन को पैसे में छुआने लगी तब आरोपी ने कहा कि वह चैन पैर में न छुआये।

# ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री के दौरान गड़बड़ी...

## बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर



**मुंबई:** जनवरी 2025 में नवी मुंबई में ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के बहुप्रतीक्षित कॉन्सर्ट के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री के दौरान कथित गड़बड़ी की पृष्ठभूमि में, प्रमुख आयोजनों में कालाबाजारी और टिकट बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देश मांगने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया।

अधिवक्ता अमित व्यास द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) में कहा गया है कि प्रमुख आयोजनों जैसे कॉन्सर्ट, लाइव शो आदि के लिए टिकटों की बिक्री के दौरान कई अनियमितताएं और अवैधताएं हैं। इस तरह की अनियमितता और अवैधता पिछले महीने देखी गई थी जब कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट बुक माय शो प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए थे, उन्होंने याचिका में दावा किया। व्यास की ओर से पेश एक वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि कुछ माध्यमिक वेबसाइट अभी भी कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट अत्यधिक कीमतों पर बेच रही हैं। पीठ ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है और मामले को दिवाली की छुट्टियों के बाद नवंबर में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। याचिका में अदालत से ऐसे प्रमुख आयोजनों के लिए कालाबाजारी, टिकट दलाली और ऑनलाइन टिकटों की बिक्री रोकने के लिए कड़े दिशा-निर्देश तय करने की मांग की गई है। पीआईएल में दावा किया गया है कि आईपीएल मैचों, 2023 में होने वाले क्रिकेट विश्व कप मैचों और गायक टेलर स्विफ्ट और दिलजीत दोसांझ के संगीत समारोहों के दौरान इस तरह के अवैध तरीके अपनाए गए।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 21 वर्षीय बाइक सवार की मौत!




**ठाणे :** पुलिस ने बताया कि सोमवार को यहां तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 21 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। ठाणे पुलिस के मुताबिक, ठाणे में तेज रफ्तार कार ने 21 वर्षीय बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। नौपाड़ा पुलिस ने चालक को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, दुर्घटना ठाणे के नितिन जंक्शन पर हुई। मृतक की पहचान 21 वर्षीय दर्शन शशिधर हेगड़े के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2), 281 और 125 (बी) और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फिलहाल इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और आरोपी ड्राइवर की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है। आगे की जानकारी का इंतजार है।

## मुंबई/ बाबा सिद्दीकी हत्या कांड मामले में सभी आरोपियों को 25 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी



**मुंबई :** बाबा सिद्दीकी हत्या कांड मामले में मुंबई पुलिस को 4 आरोपियों की कस्टडी फिर से मिल गई है। इन सभी आरोपियों की रिमांड खत्म हो रही थी, जिस कारण पुलिस ने कोर्ट में इन सभी को पेश किया। कोर्ट ने पुलिस की दलील सुनने के बाद इन आरोपियों की कस्टडी बढ़ा दी है। बता दें कि अभी तक इस मामले में पुलिस 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को जिन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था उनके नाम धर्मराज कश्यप, गुरनैल सिंह, हरीश बालक राम और प्रवीण लोनकर हैं। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए इन सभी आरोपियों को 25 अक्टूबर तक फिर से पुलिस कस्टडी में भेजा दिया है। पुलिस ने कोर्ट से कहा कि इन चारों को अन्य आरोपियों के साथ बिठाकर पूछताछ करना है जिस कारण हमें थोड़ा और समय चाहिए।

पुलिस ने आगे कोर्ट को बताया कि फिलहाल आरोपियों के कई लिंक आपस में मिल रहे हैं जिसको लेकर जांच करनी है। साथ ही पैसे का ट्रांजैक्शन और अन्य आरोपियों के साथ क्या संबंध है यह भी जानना है। इसके अलावा, आरोपियों द्वारा जो बयान दिए गए हैं इसकी पुष्टि करना भी आवश्यक है इसीलिए जांच के लिए कस्टडी दी जानी चाहिए। वहीं, पुलिस ने जिन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें आमने-सामने बिठाकर पूछता की जाएगी ताकि केस को ठीक तरह से समझा जा सके। इस पर कोर्ट ने विचार विमर्श कर हामी दी और 25 अक्टूबर तक सभी को पुलिस कस्टडी में भेज दिया।

## गोदाम में सेंधमारी, लाखों का माल चोरी...




**भिवंडी :** भिवंडी के रहनाले गांव में अज्ञात चोरों ने एक गोदाम की दीवार में सेंध लगाकर लाखों रुपए का माल पार कर दिया। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई के रहने वाले भावीन बाबूलाल छाजेड (38) के ''राजेन्द्र मेटल इंडस्ट्रियल'' गोदाम को अज्ञात चोर ने निशाना बनाया। 18 से 20 अक्टूबर के बीच हुई इस सेंधमारी में चोरों ने गोदाम की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब एक लाख रुपए कीमत की पीतल क्वाइल और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। नारपोली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुणे : 5 करोड़ की बरामदगी पर महाराष्ट्र में राजनीति गर्म



**मुंबई :** पुणे में गाड़ी से 5 करोड़ रुपये की बरामदगी के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। शिवसेना उद्धव गुट के प्रवक्ता संजय राउत ने गंभीर आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विधायकों को चुनाव जीतने के लिए 50-50 करोड़ रुपये भेज रहे हैं। राउत ने यह भी दावा किया कि 15 करोड़ रुपये की पहली किश्त पहले ही भेजी जा चुकी है। इस आरोप ने सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच तकरार को और बढ़ा दिया है। राउत ने कहा कि यह राजनीतिक भ्रष्टाचार का एक बड़ा उदाहरण है, जो चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले की जांच की मांग की है, ताकि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com